संकट | घरेलू गैस सिलेंडर 1300 में बिक रहा है, कमर्शियल सिलेंडरों की कमी

# ब्लैक में बिक रहे सिलेंडर, रेस्टोरेंट से लेकर रेहड़ी वाले भी परेशान



**जबलपुर, नवभारत।** मध्य एशिया में चल रहे युद्ध का असर जबलपुर सहित मध्य प्रदेश के अन्य शहरों में भी देखा जा सकता है। बात करे अगर जबलपुर की तो यहाँ गैस सिलेंडरो की सप्लाई ठप है। खासतौर पर कमर्शियल सिलेंडर की दिक्कत है जिसके चलते होटल-रेस्टॉरेंट इंडस्ट्रीज वाले चिंतित है। वहीं जिन घरों में शादी है, वे भी टेंशन में आ गए हैं। जबलपुर में घरेलू गैस सिलेंडर 1300 में बिक रहा है। हॉकर ब्लैक में सिलेंडर देने की बात कर रहे है। बताया जाता है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप होने से होटल, रेस्टॉरेंट कारोबार और शादियों के अलावा सोना-चांदी आभूषण बनाने वाले कारीगरों और रेहड़ी पर भी संकट खड़ा हो गया है। जबलपुर सराफा में करीब 2 हजार से ज्यादा कारीगर काम करते हैं। हर कारीगर को महीने में औसतन 3 सिलेंडर की जरूरत होती है। इस हिसाब से सराफा कारोबार में महीने भर में करीब 9 हजार सिलेंडर इस्तेमाल होते हैं, यानी रोजाना लगभग 300 सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। जिसके चलते सराफा कारोबारियों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

### सभी के लिए परेशानी

सड़कों पर जितने भी चाय-नाश्ता और चाट, नूडल्स, मोमोज और दूसरे व्यंजनों के ठेले चलते हैं, उनमें अधिकतर में लाल सिलेंडर ही उपयोग होता है। फिर भी कार्रवाई नहीं होती। कालाबाजारी की आशंका अब और बढ़ गई है। जिले में 6 लाख 75 हजार एलपीजी ग्राहक हैं घरेलू गैस सिलेंडर की बात की जाए तो लोगों को गैस सिलेंडर के लिए भटकते देखा जा रहा है। हॉकरों द्वारा चोरी छिपे 13 सौ रुपए में गैस सिलेंडर देने की बात की जा रही है। यही हाल रहे तो आने वाले दिनों में सिलेंडरों को लेकर हा-हा कार मच सकता है।

### पुराने ढर्रे पर लौटने को मजबूर

आलम यह है कि जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई ठप होने से रेस्टॉरेंट और कैफे संचालकों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। गैस नहीं मिलने के कारण अब संचालक मजबूरी में पारंपरिक लकड़ी के चूल्हों का उपयोग करने को मजबूर हो चले हैं। कई रेस्टॉरेंट संचालक का कहना है कि एक ओर हम आधुनिकता की बात करते हैं, लेकिन आज हालात हमें दशकों पीछे ले गए हैं।

## जूडॉ की हड़ताल को लेकर दायर याचिका खारिज

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के विरुद्ध जनहित याचिका खारिज कर दी। जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर पहले से एक याचिका लंबित है। ऐसे में और मामले बढ़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। नरसिंहपुर के अधिवक्ता अंशुल तिवारी ने याचिका दायर कर कहा था कि राज्यभर में करीब आठ हजार जूनियर डॉक्टरों के काम बंद करने से सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं, जिससे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि 7 जून 2021 के सरकारी आदेश के अनुसार सीपीआई (कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स) आधारित स्टाइपेंड संशोधन एक अप्रैल 2025 से लागू होना था, लेकिन अब तक लागू नहीं हुआ। अप्रैल 2025 से मिलने वाला एरियर भी नहीं दिया गया। डॉक्टरों का दावा है कि इस संबंध में सरकार और संबंधित विभागों को कई बार अवगत कराया गया,

## जस्टिस अनुराधा शुक्ला ने रखे विचार

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व अंतरराष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस के उपलक्ष्य में आनलाईन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाईकोर्ट की जस्टिस अनुराधा शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में राज्य भर से महिला न्यायिक अधिकारियों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवों, महिला जिला विधिक सहायता अधिकारियों व विधिक सेवा संस्थानों से जुड़े अन्य अधिकारियों ने आनलाइन सहभागिता की। राज्य के सभी महिला न्यायिक अधिकारियों व महिला अधिकारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना भेंट स्वरूप प्रदान की गई। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारणए प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 विषय पर एक संवादात्मक चर्चा आयोजित की गई। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला ने अधिनियम के व्यापक दायरे और प्रगतिशील उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कानून न्यायालयों, संस्थानों व विभिन्न पेशेवर कार्यस्थलों सहित सभी कार्यस्थलों पर लागू होता है और इसका उद्देश्य महिलाओं के लिए सुरक्षित, संरक्षित व गरिमापूर्ण कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिनियम के अंतर्गत स्थापित वैधानिक व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयनए विशेषकर आंतरिक शिकायत समितियों की भूमिका पर भी विशेष बल दिया तथा जागरूकता व संवेदनशीलता की आवश्यकता को रेखांकित किया, ताकि कानून द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा का प्रभावी रूप से पालन सुनिश्चित हो सके। सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कार्यस्थल पर उत्पीड़न की रोकथाम के लिए संस्थागत संवेदनशीलता, जागरूकता तथा सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर बल दिया। संगीता यादवए रजिस्ट्रार (परीक्षा), अरविंद श्रीवास्तव अतिरिक्त सचिव, अनिरुद्ध जैन, उप सचिव व प्रदीप सिंह ठाकुर व दिग्विजय सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राज्यभर के महिला न्यायिक अधिकारियों तथा विधिक सेवा संस्थानों से जुड़े अधिकारियों की सहभागिता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया, जिनकी सक्रिय भागीदारी से इस अवसर का आयोजन सार्थक व प्रभावी रहा।

# गेहूं उपार्जन में दिख रहा किसानों में उत्साह



**विगत वर्ष के मुकाबले इस बार ज्यादा हुआ पंजीयन**

**नवभारत, जबलपुर।** समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए इस वर्ष किसानों के प्रति अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला है। जानकारी के अनुसार विगत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष किसानों ने अधिक पंजीयन कराए हैं। खाद्य नियंत्रक अधिकारी प्रमोद मिश्रा से मिली जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष लगभग 42 हजार किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया था, जबकि इस बार करीब 50 हजार 781 किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेचने के लिए पंजीयन कराया है।

### मझौली - सिहोरा में सबसे अधिक पंजीयन

जानकारी के अनुसार इस वर्ष मझौली और सिहोरा तहसील क्षेत्रों में सर्वाधिक किसानों ने पंजीयन कराया हैं। जिसमें मझौली में 12960, सिहोरा में 11750, पनागर में 8132, पाटन में 8039, जबलपुर में 4477, शहपुरा में 3427, कुंडम में 1477, गोरखपुर में 250, अधारताल में 153 और रांझी तहसील में 116 पंजीयन हुए हैं।

### चना-मसूर में पंजीयन की संख्या कम

समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के अलावा चना, मसूर आदि दलहनी फसलों के लिए भी किसानों ने पंजीयन कराया है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष चना के लिए 3302, मसूर के लिए 360 एवं सरसों के लिए 454 किसानों ने विभिन्न तहसीलों में पंजीयन कराया है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने दो बाइकों को मारी टक्कर, चार घायल

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत कुशनेर ब्रिज के पास अनियंत्रित ट्रक चालक ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में चार युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शेख फैजल अपने दोस्त सहवाज के साथ ग्राम कुशनेर से एसी रिपेयरिंग का काम निपटाकर अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेडवी 7012 से जबलपुर लौट रहे थे। शाम करीब 6 :20 बजे जब वे कुशनेर ब्रिज के नीचे सर्विस रोड पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेड वाय 0529 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहली टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ने मौके से भागने का प्रयास किया। इसी आपाधापी में उसने आगे जा रही एक अन्य मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एनवाय 3074 को भी अपनी चपेट में ले लिया। दूसरी बाइक पर सवार हर्षित कुमार चक्रवर्ती और दीपक कुमार यादव भी सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। चारों घायलों उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया है।

# ओवरलोड ऑटो-ई रिक्शा चालकों पर कार्रवाई

**नियम तोड़ने वाले 160 के काटे चालान**



**नवभारत,जबलपुर।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, आगे की सीट पर यात्रियों को बैठाकर वाहन चलाने तथा सड़कों पर बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कुल 160 चालान बनाए गए। यातायात पुलिस ने लगभग 100 ऑटो, आपे और ई-रिक्शा वाहनों की जांच की, जिनमें से 45 चालकों के खिलाफ नियम उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। साथ ही सभी चालकों को ओवरलोडिंग न करने और यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उन्हें सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने की हिदायत दी गई।

### इंद्रा मार्केट क्षेत्र से हटाए अतिक्रमण

इसके साथ ही सुगम यातायात व्यवस्था के लिए इंद्रा मार्केट क्षेत्र से कांचघर चौक से शीतलामाई तक सड़क पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया गया। दुकानदारों, हाथ ठेला और सब्जी विक्रेताओं को चेतावनी दी गई कि वे आम सड़क पर अतिक्रमण न करें और केवल निर्धारित स्थानों पर ही अपना व्यवसाय संचालित करें।

## एक नजर में

### कार्यपालन यंत्री के कार्यालय में निकला सांप, मचा हड़कंप

**जबलपुर।** तिलवारा थानांतर्गत आई टी पार्क बरगी हिल्स स्थित कार्यालय कार्यपालन यंत्री नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के परिसर में दोपहर तीन बजे एक तीन फीट लंबा सांप निकलने से वहां अफरातफरी मच गई। वहां उपस्थित कर्मचारियों ने अपने अपने अनुभव से सर्प को भगाने का प्रयास किया लेकिन असफल हो गए। अंततः एक वरिष्ठ अधिकारी विकास सिंह ने सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। दुबे के अनुसार पकड़ा गया सांप कामन ब्रांज बैंक ट्री स्नेक है। ये सर्प जहरीला नहीं होता है। सांप के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।



### मकान सूचीकरण और गणना की अधिकारियों को दी जानकारी

**नवभारत,जबलपुर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारी के तहत जिला एवं चार्ज स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण ई-दक्ष केन्द्र, तहसील कार्यालय, जबलपुर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर जनगणना कार्य निदेशालय, मध्यप्रदेश, भोपाल से मनोज नाथानी एवं सुश्री श्रुति पाटीदार प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतिभागियों को जिला जनगणना पुस्तिका तथा सेंसस पोर्टल पर हेंड्स-ऑन अभ्यास कराया सभी प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण और गणना के फील्ड कार्य के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**अधिकारियों और कर्मचारियों ने लिया प्रशिक्षण**-कार्यक्रम में ऋषभ जैन, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी, बलवंत सिंह राहंगडाले, संयुक्त संचालक एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, समस्त राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, चार्ज जनगणना अधिकारी और ग्रामीण जनगणना कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा राज में कमर्शियल गैस की कमी से मचा हाहाकार : कांग्रेस

**जबलपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस टीकाराम कोष्टा ने कहा कि ईरान, इजरायल, अमेरिका युद्ध के बीच भारत सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 60 और कमर्शियल गैस सिलेंडर 115 बढ़ाकर आपदा में अवसर तलाशा गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वर्षों से जब रेट घट रहे थे तो सरकार ने रसोई गैस पेट्रोल, डीजल के रेटों कमी क्यों नहीं की? आम उपभोक्ताओं को कोई राहत क्यों नहीं दी? जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेट बढ़े तो सरकार द्वारा तेल कंपनियां को फायदा पहुंचाने, तत्काल बढ़ा देना, आम नागरिकों को महंगाई में झोंकना अन्याय है। सरकार एक तरफ कहती है की कोई कमी नहीं है फिर क्यों रसोई गैस के नंबर नहीं लग रहे। शादी विवाह त्योहारों का समय है और सरकार की लापरवाही के कारण उपभोक्ता गैस के लिए परेशान है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी विभाग पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा प्रदेश कोऑर्डिनेटर ओबीसी विभाग अलीम मंसूरी, पीपी पटेल, राजू तोमर, अशोक यादव, अस्सू भाईजान विजय अग्रवाल, संजू ठाकुर, सुरेंद्र तिवारी, मामूर गुड्डू, सुरेंद्र पटेल, धर्मेंद्र कुशवाहा, संजू शर्मा, अशोक चौधरी आदि मौजूद रहे।



# गेहूं उपार्जन में समय पर सभी प्रबंध सुनिश्चित करें : संभागायुक्त

**वीडियो कॉन्फ्रेंस से जिले के सभी कलेक्टर्स को दिए दिशा-निर्देश**

**नवभारत,जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिले के सभी कलेक्टर्स से चर्चा कर गेहूं उपार्जन सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कृषक पंजीयन के सत्यापन, प्रत्येक केंद्र की निगरानी, भंडारण व्यवस्था और समय पर कार्य पूर्ण करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व, सामान्य प्रशासन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जल जीवन मिशन एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा की गई और समय सीमा में पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग की 2026 की योजना में पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, हिरण्यगर्भा अभियान एवं क्षीरधारा ग्राम योजना, तथा मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीक के उपयोग पर समीक्षा की गई।

### स्कूल व आंगनवाड़ी के कार्य समय पर हो पूर्ण

संभागायुक्त ने नगरीय प्रशासन और उद्योग विभाग के कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य और बाल विकास योजनाओं, वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान कार्ड, स्कूल व आंगनवाड़ी बालिका शौचालय के निर्माण व मरम्मत कार्य समय पर पूर्ण कराने पर जोर दिया गया। संभागायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को शासन की योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

## इच्छा मृत्यु की मांग संबंधित याचिका पर फैसला सुरक्षित

**जबलपुर।** स्वयं की जान को खतरा तथा पुलिस द्वारा शिकायत पर अपेक्षित कार्यवाही नहीं किये जाने का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में इच्छामृत्यु की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया गया था। याचिकाकर्ता पिछली सुनवाई के दौरान बच्चे का भ्रूण लेकर हाईकोर्ट पहुंच गया था। हाईकोर्ट जस्टिस हिमांशु जोशी ने याचिका की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखने के निर्देश दिये है।

गौरतलब है कि रीवा लोकसभा के पूर्व उम्मीदवार दया शंकर पांडे की तरफ से हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा गया था कि उसे जान का खतरा है। उसके कारण परिवार के सदस्यों को खतरा है। पारिवारिक सदस्यों के साथ जाते समय भी उस पर कई बार सड़क दुर्घटना के माध्यम से जानलेवा हमले किये गये।



# अब ग्रामीण वार्डों में भी चमक रही निगम की व्यवस्थाएं

**निगमायुक्त ने औचक निरीक्षण कर जानी हकीकत**

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम की बुनियादी सेवाओं का लाभ अब केवल शहर के मुख्य रिहायशी इलाकों तक सीमित नहीं है, बल्कि निगम प्रशासन ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले वार्डों में भी विकास की नई इबारत लिख रहा है।

इसी कड़ी में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बुधवार को दादा ठन ठन पाल वार्ड का सुबह-सुबह सघन दौरा कर वहाँ की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया इस मौके पर निगमायुक्त ने वार्ड की संकरी गलियों और मुख्य मार्गों पर पैदल भ्रमण किया और मुख्य रूप से उन्होंने कचरा संग्रहण और सड़कों की नियमित सफाई को लेकर स्वच्छता प्रहरियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### हर घर पहुंचे शुद्ध पेयजल

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने भीषण गर्मी की आहट को देखते हुए उन्होंने सुनिश्चित किया कि हर घर तक शुद्ध पेयजल की पहुंच निर्बाध बनी रहे। वहीं निगमायुक्त ने वार्ड की स्ट्रीट लाइट्स और बंद पड़े वल्बों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए ताकि रात के समय नागरिकों को सुरक्षा और सुविधा महसूस हो।

ठगी | 66 एटीएम कार्ड समेत नकदी, स्कूटी, जेवरा जब्त, 3 .68 हजार कराये होल्ड

# मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदल खातों से लाखों उड़ाने वाला गिरफ्तार

**जबलपुर।** मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर खातों से लाखों रूपए उड़ाने वाले शातिर बदमाशों को गोरखपुर, केंट पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से विभिन्न बैंकों के 66 एटीएम कार्ड, नगदी 5500 रूपये, घटना में प्रयुक्त जुपिटर स्कूटी कीमती लगभग 1 लाख रूपये, सोने की झुमकी कीमती लगभग 55 हजार रूपये जब्त किए गए। साथ ही धोखाधड़ी की 368000 रूपए की राशि को होल्ड कराया गया है। पकड़े गए आरोपित को न्यायालय में पेश कर रिमांड में लिया गया है जिससे पूछताछ चल रही है जिसमें वे नए राज उगल सकता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 2 सुश्री पल्लवी शुक्ला ने बुधवार को कंट्रोल रूम में खुलासा करते हुए बताया कि बेलबाग, ओमती, केंट, गोरखपुर थाना क्षेत्र में लोगों की मदद के बहाने उनके एटीएम कार्ड बदलकर खातों से लाखों रूपए की राशि निकाले गए थे । चारों थानों की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर एम.डी.नागोतिया, डीएसपी क्राईम, नगर पुलिस अधीक्षक केण्ट उदयभान बागरी के मार्गदर्शन में गोरखपुर व केंट थाने की टीमें गठित की गई। इसके बाद मामले की पतासाजी के दौरान खंगाले गए बैंकों के फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विनोद गौतम पिता दालचंद गौतम 28 वर्ष निवासी तिलक वार्ड रेल्वे स्टेशन के पास जिला सिवनी को अभिरक्षा में लेकर सघन पूछताछ की गयी जिसने धोखाधड़ी करते हुये लोगों से एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के बैंक खातों से बदले हुये एटीएम कार्ड के माध्यम से रूपये निकालना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से विभिन्न बैंको के 66 एटीएम कार्ड तथा घटना में प्रयुक्त जुपिटर स्कूटी कीमती 1 लाख रूपये, सोने की झुमकी कीमती लगभग 55 हजार रूपये की जप्त की गई एवं धोखाधड़ी से प्राप्त राशि 368000 रूपए होल्ड कराई गई। आरोपी बिनोद गौतम को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये और भी प्रकरणों में पूछताछ के लिए पुलिस रिमाण्ड मे लिया जा रहा है।





### ऐसे की वारदातें

पकड़ा गया आरोपी शातिर है जो एटीएम में पैसे निकालने व मदद करने के बहाने बातों में लगाकर एटीएम पिन देख लेता था और मौका पाकर एटीएम कार्ड बदलकर नजदीक के एटीएम मशीन से पैसे निकाल कर व शापिंग कर लेता था ।

### इन्हें बनाया था ठगी का शिकार

विदित हो कि गोरखपुर थाने में बी.एस. सिडाम (80) वर्ष निवासी गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी छोटी लाईन स्थित एसबीआई के एटीएम से पैसे निकलने गया था जहां पर अज्ञात व्यक्ति ने मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदल कर उसके खतो से 1 लाख 06 हजार 160 रूपये निकले। इसी प्रकार केंट थाने में रोहित सेन (34) वर्ष निवासी संजय अधारताल ने रिपोर्ट द र्ज कराई थी कि सदर में स्थित यूनियन बैक के एटीएम से पैसे निकलने गया था जहां पर अज्ञात मदद करने के नाम पर एटीएम कार्ड बदलकर उसके एटीएम से 59 हजार 300 रूपये निकले। इसके अलावा ओमती थाने में रसीद उद्दीन (60) वर्ष निवासी नया मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सिविक सेन्टर स्थित एसबीआई के एटीएम से पैसे निकलने गया था जिनका एटीएम बदलकर 1 लाख 18 हजार 80 रूपये निकाले गए। इसके अलावा बेलबाग थाने में विजय कुमार चौधरी (47) वर्ष निवासी कांचघर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बाई का बगीचा जनता मार्केट के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी करते हुये एटीएम की अदला-बदली कर उसके एटीएम से 47 हजार रूपये निकाल लिये गये है।